# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


**GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)**

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**


## PUNJAB KESARI

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय 17 को मनाएगा 'युवा प्रेरणा दिवस'

### लोकल के लिए वोकल बनने के लिए मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदने का लिया जाएगा प्रण

फरीदाबाद, 14 सितम्बर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद 17 सितंबर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आत्म-निर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य के साथ 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि आत्म-निर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच की है। उनका संपूर्ण जीवन तथा एक साधारण पृष्ठिभूमि से देश के प्रधानमंत्री बनने का संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणा है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनकी दूरदर्शी सोच और मिशन का समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालय ने 17 सितंबर 2020 का दिन 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाने की पहल की है। कुलपति ने बताया कि इस दिन विश्वविद्यालय परिवार से जुड़ा प्रत्येक सदस्य 'लोकल के लिए वोकल' बनने तथा अगले 12 महीनों तक हर महीने की 17वीं तारीख को एक 'मेक-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का प्रण लेगा। कुलपति ने आत्म-निर्भर अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिए सभी से विश्वविद्यालय की इस पहल से जुड़ने का आह्वान किया है।

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट, एलुमनी और कॉरपोरेट मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि 17 सितंबर को विश्वविद्यालय 'मोदी-फाय लाइक ए बोस' शीर्षक के साथ कॉर्पोरेट लीडर्स के लिए ऑनलाइन ग्लोबल टाउनहॉल (बैठक) का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में बिजनेस एवं कॉरपोरेट जगत के शीर्ष अधिकारी हिस्सा लेंगे।



*डिजिटल सर्किट कार्यान्वयन पर फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में भाग लेते अतिथिगण। (छाया: एस शर्मा)*

**डिजिटल सर्किट पर एक सप्ताह का कार्यक्रम:** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 16 से 20 सितंबर, 2020 तक जिंक एफपीजीए आईसी का उपयोग करते हुए डिजिटल सर्किट कार्यान्वयन पर फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम का एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, जिलिक्स विवाडो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किया जायेगा, जिसमें हेड्स आन सेशन भी रहेंगे।

**एलुमनाई स्टूडेंट इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन:** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में एलुमनाई स्टूडेंट इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसे विश्वविद्यालय के 15 भूतपूर्व छात्रों द्वारा संबोधित किया गया। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे डीएससी लिमिटेड दिल्ली के निदेशक और अध्यक्ष (बिजनेस डेवलेपमेंट) श्री रमनीक बावा, बोनी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री राज भाटिया तथा श्री नरेश कुमार इस संवाद सत्र में विशिष्ट अतिथि तथा आमंत्रित वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता प्रो. दिनेश कुमार ने की थी। कार्यक्रम का समन्वयक डॉ. लखविंदर सिंह, अनिल बरेजा और डॉ निखिल देव ने किया। कार्यक्रम के दौरान, मोटर वाहन और विनिर्माण उद्योगों में रुझान और प्रगति के विषयों, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग में उभरते रूझानों, सतत ऊर्जा परियोजनाओं की अपस्केलिंग एवं बिजली आपूर्ति उद्योग पर इसके प्रभाव और कोरोना महामारी से हेल्थकेयर उपकरणों बढ़ती मांग एवं विनिर्माण के भविष्य की संभावनाओं जैसे विषयों चर्चा हुई। इस अवसर पर बोलते हुए राज भाटिया ने इनोवेशन के कर्मशियल तथा इंटरलिंक्ड दृष्टिकोण पर अपने विचार रखे। नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन के महत्व के बारे में बताया। सौरभ यादव ने एल 1 से एल 5 तक उभरते कार रुझानों पर चर्चा की। संदीप सचदेवा ने ऑटोमोटिव में प्रयुक्त स्वचालित और साइबर भौतिक प्रणाली के बारे में बताया।


पंजाब केसरी ई-पेपर Tue,15 September 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

## THE PIONEER

# एलुमनाई स्टूडेंट इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में एलुमनाई स्टूडेंट इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसे विश्वविद्यालय के 15 भूतपूर्व छात्रों द्वारा संबोधित किया गया। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे डीएससी लिमिटेड दिल्ली के निदेशक और अध्यक्ष (बिजनेस डेवलेपमेंट) रमनीक बावा, बोनी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राज भाटिया तथा नरेश कुमार इस संवाद सत्र में विशिष्ट अतिथि तथा आमंत्रित वक्ता रहे। सत्र की अध्यक्षता प्रो. दिनेश कुमार ने की थी। कार्यक्रम का समन्वयक डॉ. लखविंदर सिंह, अनिल बरेजा और डॉ. निखिल देव ने किया। कार्यक्रम के दौरान, मोटर वाहन और विनिर्माण उद्योगों में रुझान और प्रगति के विषयों, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग में उभरते रूझानों, सतत ऊर्जा परियोजनाओं की अपस्केलिंग एवं बिजली आपूर्ति उद्योग पर इसके प्रभाव और कोरोना महामारी से हेल्थकेयर उपकरणों बढ़ती मांग एवं विनिर्माण के भविष्य की संभावनाओं जैसे विषयों चर्चा हुई। इस अवसर पर बोलते हुए राज भाटिया ने इनोवेशन के कर्मशियल तथा इंटरलिंक्ड दृष्टिकोण पर अपने विचार रखे। नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन के महत्व के बारे में बताया। सौरभ यादव ने एल 1 से एल 5 तक उभरते कार रुझानों पर चर्चा की। संदीप सचदेवा ने ऑटोमोटिव में प्रयुक्त स्वचालित और साइबर भौतिक प्रणाली के बारे में बताया। विक्रम ने प्रदूषण उत्सर्जन पर चर्चा की। अरुण भाटिया ने रेफ्रिजरेशन उद्योग में सतत विकास और भविष्य के दायरे के बारे में चर्चा की। विनय खुंगर ने रेफ्रिजरेशन उद्योग में भविष्य की चुनौतियों पर विचार रखे। अनिल बरेजा ने विभिन्न प्रकार के मास्क के लाभ और उपयोग के बारे में बताया। प्रदीप मेहरा, वरुण गुलाटी और अनिल भाटिया ने स्वास्थ्य उद्योग के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर विस्तार से चर्चा की। अभिषेक शर्मा, सुजॉय घोष और सुनील गांधी ने अक्षय ऊर्जा में भविष्य के दायरे पर चर्चा की और विद्यार्थियों को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में खोज करने के लिए प्रेरित किया।

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

## THE TRIBUNE

### FACULTY DEVELOPMENT PROGRAMME

**Faridabad:** A week-long online faculty development programme on 'Green technologies and environmental sustainability' (GTES-2020) organised at JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, concluded. The programme was sponsored by TEQIP-III and attended by more than 200 participants from 18 States across the country. Dean of the Centre for Environment Science and Technology from Central University of Punjab, Bhatinda, Dr Vinod Kumar Garg, was the chief guest in the valedictory function which was presided over by Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar.

The Tribune Tue, 15 September 202(
https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

**DAINIK SAVERATIMES**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय 17 सितम्बर को 'युवा प्रेरणा दिवस' मनायेगा

बल्लभगढ़, 14 सितम्बर (संदीप पराशर) जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद 17 सितंबर, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जनमिदवस के उपलक्ष्य में आत्म-निर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य के साथ 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि आत्म-निर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच की है। उनका संपूर्ण जीवन तथा एक साधारण पृष्ठिभूमि से देश के प्रधानमंत्री बनने का संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणा है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनकी दूरदर्शी सोच और मिशन का समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालय ने 17 सितंबर 2020 का दिन 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाने की पहल की है। कुलपति ने बताया कि इस दिन विश्वविद्यालय परिवार से जुडा प्रत्येक सदस्य 'लोकल के लिए वोकल' बनने तथा अगले 12 महीनों तक हर महीने की 17वीं तारीख को एक 'मेक-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का प्रण लेगा। कुलपति ने आत्म-निर्भर अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिए सभी से विश्वविद्यालय की इस पहल से जुडने का आह्वान किया है।

विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट, एलुमनी और कॉरपोरेट मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि 17 सितंबर को विश्वविद्यालय 'मोदी-फाय लाइक ए बोस' शीर्षक के साथ कॉर्पोरेट लीडर्स के लिए ऑनलाइन ग्लोबल टाउनहॉल (बैठक) का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में बिजनेस एवं कॉरपोरेट जगत के शीर्ष अधिकारी हिस्सा लेंगे।

# डिजिटल सर्किट पर एक सप्ताह का कार्यक्रम

बल्लभगढ़, 14 सितम्बर ,(संदीप पराशर) जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 16 से 20 सितंबर, 2020 तक ''जिंक एफपीजीए आईसी का उपयोग करते हुए डिजटल सिर्कट कार्यान्वयन'' पर फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम का एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लिर्नग अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, जिलिक्स विवाडो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन डिजटल प्लेटफॉर्म पर किया जायेगा, जिसमें हेड्स आन सेशन भी रहेंगे।


दैनिक सवेरा

Tue, 15 September 2020

epaper.dainiksaveratimes.org/c/54961492

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

**THE PIONEER**

# डिजिटल सर्किट पर एक सप्ताह का कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 16 से 20 सितंबर, 2020 तक 'जिंक एफपीजीए आईसी का उपयोग करते हुए डिजिटल सर्किट कार्यान्वयन' पर फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम का एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान, जिलिक्स विवाडो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर किया जायेगा, जिसमें हेड्स आन सेशन भी रहेंगे।

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

**THE PIONEER**

# 17 को मनेगा 'युवा प्रेरणा दिवस'

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आगामी 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आत्म-निर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य के साथ 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि आत्म-निर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच की है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनकी दूरदर्शी सोच और मिशन का समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालय ने 17 सितंबर 2020 का दिन 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाने की पहल की है। कुलपति ने बताया कि इस दिन विश्वविद्यालय परिवार से जुड़ा प्रत्येक सदस्य 'लोकल के लिए वोकल' बनने तथा अगले 12 महीनों तक हर महीने की 17वीं तारीख को एक 'मेक-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का प्रण लेगा।

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

**HINDUSTAN**

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर युवा प्रेरणा दिवस मनाएंगे

**आयोजन**

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिवस पर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाएगा।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच है। उनका संपूर्ण जीवन और एक साधारण पृष्ठिभूमि से देश के प्रधानमंत्री बनने का संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणा है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनकी दूरदर्शी सोच और मिशन का समर्थन करने के लिए विश्वविद्यालय ने 17 सितंबर का दिन 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाने की पहल की है।

इस दिन विश्वविद्यालय परिवार से जुड़ा प्रत्येक सदस्य 'लोकल के लिए वोकल' बनने और अगले 12 महीनों तक 17वीं तारीख को एक 'मेक-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का प्रण लेगा।

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

**HINDUSTAN**

# पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव बताए

**फरीदाबाद (व.सं.)।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में सोमवार को एलुमनाई स्टूडेंट इंटरेक्शन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विवि के पूर्व छात्र डीएससी लिमिटेड दिल्ली के निदेशक और अध्यक्ष रमनीक बावा, बोनी पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राज भाटिया तथा नरेश कुमार संवाद सत्र में विशिष्ट अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता प्रो. दिनेश कुमार ने की।कार्यक्रम का समन्वयक डॉ. लखविंदर सिंह, अनिल बरेजा और डॉ. निखिल देव ने किया।

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

**HINDUSTAN**

# जेसी बोस में डिजिटल सर्किट पर कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए 16 से 20 सितंबर तक जिंक एफपीजीए आईसी का उपयोग करते हुए डिजिटल सर्किट क्रियान्वयन पर फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह आयोजन एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विवि में मनाया जाएगा 'युवा प्रेरणा दिवस'

अमर उजाला ब्यूरो

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिवस पर आयोजित होगा विशेष कार्यक्रम**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद 17 सितंबर को 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच है। उनकी सोच और मिशन का समर्थन करने के लिए 17 सितंबर का दिन 'युवा प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन विश्वविद्यालय परिवार से जुड़े सदस्य 'लोकल के लिए वोकल' बनने और अगले 12 महीनों तक हर महीने की 17वीं तारीख को एक 'मेक-इन-इंडिया' उत्पाद खरीदने का प्रण लेंगे। इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के लिए लोगों से जुड़ने का आह्वान किया गया है।

विवि के प्लेसमेंट और कॉरपोरेट मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि 17 सितंबर को विश्वविद्यालय 'मोदी-फाय लाइक ए बोस' शीर्षक के साथ ऑनलाइन ग्लोबल टाउनहॉल बैठक का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में बिजनेस व कॉरपोरेट जगत के शीर्ष अधिकारी हिस्सा लेंगे।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 15.09.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# रेफ्रिजरेशन उद्योग पर हुई चर्चा

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय की तरफ से स्थापना दिवस समारोह के मौके पर एलुमनाई स्टूडेंट इंटरेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसे विश्वविद्यालय के 15 भूतपूर्व छात्रों ने संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता प्रफेसर दिनेश कुमार ने की। इस दौरान मोटर वाहन और विनिर्माण उद्योगों में रुझान और प्रगति के विषयों, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग में उभरते रुझानों, सतत ऊर्जा परियोजनाओं की अपस्केलिंग एवं बिजली आपूर्ति उद्योग पर इसके प्रभाव पर चर्चा हुई।